## बिहार सरकार

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांकः– 6ए0/प्राक्क01–11262/2018 का खण्ड–I 447 पटना–15, दिनांकः– 4.3.25

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

**विषयः– लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर के तहत राज्य योजना अन्तर्गत पूर्व में स्वीकृत सहदेई बुजुर्ग ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना में "हर घर नल का जल निश्चय योजना" के तहत योजना से आच्छादित ग्राम पंचायत सहदेई बुजुर्ग के वार्ड संख्या–04, 06, 07, 08, 10 एवं 15 तथा ग्राम पंचायत बाजितपुर चकस्तुरी के वार्ड संख्या–07, 08 एवं 09 यानि कुल 09 वार्डों के सभी घरों में नल से जल उपलब्ध कराने एवं पाँच वर्षो के परिचालन एवं रख–रखाव (विद्युत प्रभार सहित) हेतु 167.045 लाख (एक करोड़ सड़सठ लाख चार हजार पाँच सौ रूपये) मात्र के योजना की पुनरीक्षित स्वीकृति के संबंध में।**

आदेश – राज्य योजना अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत सहदेई बुजुर्ग ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना में "हर घर नल का जल निश्चय योजना" के तहत योजना से आच्छादित ग्राम पंचायत सहदेई बुजुर्ग के वार्ड संख्या–04, 06, 07, 08, 10 एवं 15 तथा ग्राम पंचायत बाजितपुर चकस्तुरी के वार्ड संख्या–07, 08 एवं 09 यानि कुल 09 वार्डों के सभी घरों में नल से जल उपलब्ध कराने एवं पाँच वर्षो के परिचालन एवं रख–रखाव (विद्युत प्रभार सहित) हेतु **167.045 लाख (एक करोड़ सड़सठ लाख चार हजार पाँच सौ रूपये) मात्र** के योजना की पुनरीक्षित स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना (गैर–गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र) अन्तर्गत विभागीय पत्रांक–6ए0/प्राक्क01–11262/2018–91, दिनांक–07.01.2019 की कंडिका–2 की तालिका के क्रमांक–01 में सहदेई बुजुर्ग ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना की स्वीकृति 101.58 लाख रूपये पर प्रदान की गयी है। इस योजना से आच्छादित ग्राम पंचायत सहदेई बुजुर्ग के वार्ड संख्या–**04, 06, 07, 08, 10 एवं 15 तथा ग्राम बाजितपुर चकस्तुरी के वार्ड संख्या–07, 08 एवं 09 यानि कुल 09 वार्डों** के सभी घरों को टैप के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पूर्व में स्वीकृत योजना के तहत प्रावधानित अवयवों के अतिरिक्त 04 अदद् नये नलकूप (Size-150mm X 100mm X 125m Deep) का निर्माण कार्य, 04 अदद् अतिरिक्त मेसोनरी चैम्बर का निर्माण कार्य, 04 अदद् अतिरिक्त 3HP क्षमता के समरसेबुल मोटर पम्प की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, 04 अदद् क्लोरीनेटर की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, 04 अदद् 8M High स्टेजिंग का निर्माण कार्य, विभिन्न व्यास के 4531 मी0 अतिरिक्त HDPE Pipe की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, 250 अदद् नये गृह जल संयोजन का कार्य तथा पाँच वर्षों के परिचालन एवं रख–रखाव (मरम्मती) **(विद्युत प्रभार सहित)** हेतु कार्य सम्पादित किया जाना है, जिस पर कुल व्यय **167.045 लाख (एक करोड़ सड़सठ लाख चार हजार पाँच सौ रूपये) मात्र** संभावित है।

3. पूर्व में स्वीकृत इस योजना के मुख्य अवयवों के अतिरिक्त 04 अदद् नये नलकूप (Size-150mm X 100mm X 125m Deep) का निर्माण कार्य, 04 अदद् अतिरिक्त मेसोनरी चैम्बर का निर्माण कार्य, 04 अदद् अतिरिक्त 3HP क्षमता के समरसेबुल मोटर पम्प की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, 04 अदद् क्लोरीनेटर की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, 04 अदद् 8M High स्टेजिंग का निर्माण कार्य, विभिन्न व्यास के 4531 मी0 अतिरिक्त HDPE Pipe की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, 250 अदद् नये गृह जल संयोजन का कार्य तथा पाँच वर्षों के परिचालन एवं रख–रखाव (मरम्मती) **(विद्युत प्रभार सहित)** हेतु कार्य एवं अन्य अनुषांगिक कार्य किया जाना है।

4 इस योजना के निर्माण मद पर होने वाला व्यय का (I) मुख्य शीर्ष–2215–जल पूर्ति तथा सफाई–उपमुख्य शीर्ष–01–जल पूर्ति–लघु शीर्ष–102–ग्रामीण जल पूर्ति कार्यक्रम–मांग संख्या–36–उपशीर्ष–0106–मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना (गैर–गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र)–विपत्र कोड–36–2215011020106 विषय शीर्ष–0106.31.05–सहायक अनुदान–परिसंपत्तियों का निर्माण (II) मुख्य शीर्ष–2215 –जल पूर्ति तथा सफाई–उपमुख्य शीर्ष–01–जल पूर्ति–लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–मांग संख्या–36–उपशीर्ष–0104–मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना (गैर–गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र)–विपत्र कोड–36–2215017890104–विषय शीर्ष–0104.31.05–सहायक अनुदान –परिसंपत्तियों का निर्माण (III) मुख्य शीर्ष–2215–जल पूर्ति तथा सफाई–उपमुख्य शीर्ष–01–जल पूर्ति–लघु शीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना–मांग संख्या–36–उपशीर्ष–0105–मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना (गैर–गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र)–विपत्र कोड–36–2215017960105–विषय शीर्ष–0105.31.05–सहायक अनुदान–परिसंपत्तियों का निर्माण अंतर्गत भारितव्य होगा तथा (IV) योजना के संचालन एवं रख–रखाव पर होने वाला व्यय मुख्य शीर्ष–2215 जल पूर्ति तथा सफाई, उप शीर्ष–01–जल पूर्ति, लघु शीर्ष–102–ग्रामीण जल पूर्ति कार्यक्रम, उप शीर्ष–0107–ग्रामीण जलापूर्ति योजना का परिचालन एवं रख–रखाव–सात निश्चय–2–विपत्र कोड–36–2215011020107 अंतर्गत भारितव्य होगा।

5. इस योजना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, हाजीपुर होगें। योजना पर होने वाला व्यय स्वीकृत राशि तक सीमित रहेगा। राशि की निकासी हाजीपुर कोषागार से की जायेगी/बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत संधारित खाते के माध्यम से राशि की विमुक्ति कर योजना के कार्यान्वयन पर व्यय किया जाएगा।

6. संबंधित कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता योजना का कार्यान्वयन अनुमोदित प्राक्कलन के विभिन्न मदों की विशिष्टियों के अनुरूप एवं निर्धारित समय–सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायेंगे।

7. इस योजना के अनुश्रवण की जवाबदेही संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता की होगी जो योजना के नियमित कार्यान्वयन के क्रम में कम–से–कम क्रमशः दो बार एवं एक बार अनुश्रवण जरूर करेंगे एवं अपना निरीक्षण प्रतिवेदन संबंधित कार्यपालक अभियंता को जरूर भेजेंगे तथा निराकरण भी सुनिश्चित करायेंगे।

8. जिन मदों में 20 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी हो रही है। उन मदों के लिए SoR दर एवं एकरारनामा की दर में से जो दर कम होगा, वहीं दर अतिरिक्त मात्रा (प्रावधानित मात्रा से 20 प्रतिशत ज्यादा पर) के भुगतान हेतु मान्य होगा।

9. जिन मदों में बढ़ोतरी 50 प्रतिशत से ज्यादा है, उन मदों की 50 प्रतिशत से अतिरिक्त मात्रा का भुगतान संबंधित अधीक्षण अभियंता के भौतिक सत्यापन एवं विशिष्ट भुगतान आदेश के बाद ही किया जायेगा। कार्यपालक अभियंता अतिरिक्त मात्रा के 50 प्रतिशत तक का ही भुगतान अपने स्तर से करेंगे।

10. इस राशि से स्थापना मद पर कोई व्यय नही किया जायेगा और न ही कोई नया पद सृजित किया जायेगा।

11. इसके नियंत्री पदाधिकारी अभियन्ता प्रमुख–सह–विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना होंगे।

12. बिहार कोषागार संहिता में निहित प्रावधानों के आलोक में बजट प्रावधान के अन्तर्गत निधि की उपलब्धता के आधार पर राशि की निकासी की जायेगी।

13. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–एम4–53/2007/3758/वि0, दिनांक–31–05–17 में निहित प्रावधानों के आलोक में सक्षम प्राधिकार से स्वीकृति प्राप्त है।

14. बिहार वित्त नियमावली सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जायेगी।

15. वर्ष 2024–25 के वार्षिक योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध में इसके लिए प्रावधान है।

16. इस पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

ज्ञापांक– 6ए/प्राक्क01–11262/2018 का खण्ड–I 417 पटना–15, दिनांकः– 4.3.25

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार/कल्याण विभाग, बिहार/जिला पदाधिकारी, वैशाली /कोषागार पदाधिकारी, हाजीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अभियन्ता प्रमुख–सह–विशेष सचिव/प्रशासनिक पदाधिकारी, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, बिहार/मुख्य अभियन्ता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार)/ मुख्य अभियन्ता (रूपांकण)/मुख्य अभियन्ता (यॉत्रिक)/विशेष पदाधिकारी/अधीक्षण अभियन्ता (मो0)/ कार्यपालक अभियंता (मो02)–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/उप निदेशक (मू0)/उप निदेशक (अन्वेषण)/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना प्रमंडल संख्या–02 एवं 03/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–6/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–6/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर/अधीक्षण अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, मुजफ्फरपुर/कार्यपालक अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, हाजीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4. कार्यपालक अभियंता स्वीकृत योजना की मदों की मात्रा, दर एवं गणना में भूल को तुरंत विभाग के संज्ञान में लायेंगे। इसकी पूर्ण जवाबदेही संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी।

5. माननीय मंत्री महोदय के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)



15प्र